भारत सरकार

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 3533

दिनांक 03.04.2017 को उत्तर दिए जाने के लिए

झारखंड के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत आबंटन

3533. श्री संजीव कुमारः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान झारखंड में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत कितनी धनराशि आबंटित और जारी की गई है;

(ख) राज्य द्वारा कार्यक्रम की उपलब्धियों पर नज़र रखने हेतु क्या तंत्र मौजूद है;

(ग) क्या सरकार राज्य में कार्यक्रम के अंतर्गत किए गए कार्य से संतुष्ट है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान राज्य के लिए लक्ष्यों और उपलब्धियों का जिला–वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

(श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागी)

(क) झारखंड को पिछले 3 वर्षों के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत आबंटित तथा जारी की गई निधियां निम्नानुसार हैं:

		(सभी राशि करोड़ रु. में)
वर्ष	आबंटन	रिलीज*
2013-14	172.85	253.28
2014-15	169.86	175.18
2015-16	126.85	132.09

*अतिरिक्त/प्रोत्साहन निधियां सहित

(ख) और (ग) देश की ग्रामीण आबादी को पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने की प्रक्रिया गतिशील तथा सतत है। एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत राज्य सरकारें, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति स्कीमों की आयोजना, डिजाइनिंग, अनुमोदन और कार्यान्वयन के लिए सक्षम हैं। एनआरडीडब्ल्यूपी की वास्तविक और वित्तीय प्रगति की निगरानी राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/राज्य स्तरीय समीक्षा बैठकों, कांफ्रेस, वीडियो कॉन्फ्रेंसों में की जाती है। राज्यों को निर्देश दिया गया है कि वे मंत्रालय की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली पर दिए गए फॉर्मेट में अपने राज्य में चालू स्कीमों की चरण-वार स्थिति डालें। हाल ही में, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति पर माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता की अध्यक्षता में 22 मार्च, 2017 को राज्य मंत्रियों तथा राज्य सरकार के विभागों के सचिवों के साथ एक राष्ट्रीय स्तर की समीक्षा बैठक की गई थी। मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा 3 मार्च, 2017 को वार्षिक कार्य योजना (एएपी) बैठक के दौरान झारखंड के कार्य निष्पादन की भी समीक्षा की गई थी। एएपी बैठक के दौरान झारखंड का कार्य निष्पादन संतोषजनक पाया गया।

(घ) पिछले 3 वर्षों के दौरान राज्य के लिए निर्धारित लक्ष्य और उपलब्धियों का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक** पर दिया गया है।

अनुलग्नक

अनुलग्नक							
दिनांक 03.04.2017 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3533 के उत्तर के भाग (घ) में उल्लिखित अनुलग्नक							
		2013-14		2014-15		2015-16	
क्र.सं.	**जिला**	**लक्ष्य**	**वास्तविक रूप से कवर**	**लक्ष्य**	**वास्तविक रूप से कवर**	**लक्ष्य**	**वास्तविक रूप से कवर**
1	बोकारो	610	954	731	637	0	81
2	चत्रा	414	461	672	617	0	118
3	देवघर	153	409	1299	453	0	67
4	धनबाद	754	1022	755	418	872	211
5	डुमका	520	838	829	278	0	141
6	गढ़वा	444	781	559	305	0	17
7	गिरिदीह	702	680	1332	259	0	2
8	गोड्डा	310	128	592	44	0	33
9	गुमला	388	376	668	373	0	49
10	हजारीबाग	433	720	802	455	813	10
11	जामतारा	277	448	781	385	0	106
12	खुटी	274	505	318	223	0	4
13	कोडरमा	290	340	471	426	411	107
14	लातेहर	242	134	151	60	0	3
15	लौहारडागा	161	157	235	89	0	2
16	पाकुर	306	189	341	40	413	0
17	पालामु	666	156	1091	685	37	0
18	पश्चिम सिंहभूम	428	638	1119	888	730	258
19	पूर्बी सिंहभूम	447	727	697	442	369	325
20	रामगढ़	221	279	360	355	0	30
21	रांची	460	465	1168	418	0	1
22	साहिबगंज	386	341	355	113	0	220
23	सरायकेला और खरसावन	340	872	664	612	0	9
24	सिमडेगा	242	926	542	610	0	74
कुल		**9468**	**12546**	**16532**	**9185**	**3645**	**1868**

(स्रोत: आईएमआईएस का फॉर्मेट सी-14)